# शाला ध्वनि

# KVS News

April - June 2025

**CBSE Results**
Outstanding Performance of KVS

**एक पेड़ मां के नाम 2.0** अभियान का शुभारंभ

**भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर** का आयोजन

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

## 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

International Day of Yoga
21 June
Yoga for One Earth, One Health

*Yoga for One Earth, One Health*



*PM SHRI KV Dirang (Arunachal Pradesh)*

# 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

## केन्द्रीय विद्यालयों में ऊर्जा, उमंग और उत्साह का संगम

**नई दिल्ली, 21 जून: "एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य"** थीम के साथ **11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** विश्वभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी** ने **आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम** में आयोजित मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व किया और लाखों नागरिकों के साथ योगाभ्यास किया, जिसमें केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी शामिल थे।

इस ऐतिहासिक आयोजन ने गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जिसमें 28 किमी लंबे खंड पर तीन लाख से अधिक प्रतिभागियों ने एक साथ योग किया। यह भारत द्वारा योग को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठित करने की अग्रणी भूमिका का सशक्त प्रमाण है।

**योगमय हुए सभी केन्द्रीय विद्यालय**

देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में **11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** पर कॉमन योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सामूहिक योगाभ्यास किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डेय ने संगठन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ **पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, सेक्टर-12, द्वारका** में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने छात्रों एवं शिक्षकों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया और सभी को इसे तनावमुक्त, अनुशासित व स्वस्थ जीवन हेतु दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर **श्रीमती निधि पाण्डे** ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष की थीम **"एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य"** हमें यह स्मरण कराती है कि हमारा व्यक्तिगत स्वास्थ्य और पृथ्वी का स्वास्थ्य एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि योग करने से विद्यार्थियों को स्मरण शक्ति और एकाग्रता में लाभ होता है। योग न केवल शरीर को, बल्कि मन और बुद्धि को भी सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि योग को प्रतिदिन करने का नियम बनाएं।



केन्द्रीय विद्यालय झज्जर (हरियाणा)



# के.वि. विद्यार्थियों की राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में शानदार सफलता



कन्याकुमारी (तमिलनाडु) में 15 से 18 जून 2025 को आयोजित **राष्ट्रीय योग ओलंपियाड-2025** में केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 (बालक) वर्ग में 4 पदक अपने नाम किए। के. रितेश (के.वि. सीयूटीएन, तीरुवारुर), अद्रित कश्यप (के.वि. ओएनजीसी, जोरहाट), ओम मिश्रा (के,वि. एसईसीएल, धनपुरी) और संजिव साई. बी (पीएम श्री के.वि ओसीएफ, आवडी) ने टीम स्पर्धा में 1 स्वर्ण, और व्यक्तिगत स्पर्धा में 1 रजत तथा 2 कांस्य पदक जीते। इन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन पीएम श्री के.वि. मुरैना के शारीरिक स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. सतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा किया गया था। योग ओलंपियाड में इन छात्रों की उपलब्धि को देखते हुए इन्हें 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विशाखापट्टनम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के साथ योग करने का अवसर भी प्राप्त हुआ।



## के.वि. की छात्रा अक्षरा ने किये 576 सूर्यनमस्कार

सनातन संस्कृति एवं योग सेवा संघ द्वारा **11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस** के अवसर पर आयोजित **'सूर्यनमस्कार मैराथन-2025'** में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय छत्रपति संभाजीनगर कैंट में द्वितीय कक्षा की छात्रा कुमारी अक्षरा बालासाहेब काले ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। उन्होंने 576 सूर्यनमस्कार पूरे कर **चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस** खिताब अपने नाम किया। इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए उन्हें ₹21,000 की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। **गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड** के लिए भी अक्षरा के नाम की संस्तुति की गई है।













# एक पेड़ मां के नाम 2.0

## 10 करोड़ पौधों से होगा धरती मां का श्रृंगार




**नई दिल्ली:** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय गोल मार्केट में पौधारोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार, दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री श्री आशीष सूद, सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता श्री संजय कुमार, आयुक्त के.वि.सं. श्रीमती निधि पाण्डे सहित शिक्षा मंत्रालय के अनेक वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने मिलकर विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

**10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य**

इस अभियान के अंतर्गत श्री प्रधान ने देश भर के स्कूलों के लिए इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाएं और उसकी सेल्फी ईको क्लब पोर्टल पर साझा करें। पोर्टल पर सेल्फी अपलोड करने पर प्रत्येक विद्यार्थी को एक ई-सर्टिफिकेट भी मिलेगा।

**पोर्टल और माइक्रोसाइट का शुभारंभ**

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान की समर्पित माइक्रोसाइट, विशेष शैक्षिक माड्यूल, और ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ वेब पोर्टल का भी उद्घाटन किया। यह पोर्टल देशभर के 14.7 लाख स्कूलों में संचालित ईको क्लब गतिविधियों की निगरानी करेगा। इसी के साथ ईको क्लब वर्ष 2070 तक भारत को नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने में भी मदद करेंगे।

## के.वि. विद्यार्थी की प्रेरणादायी पहल: नवनी ने लगाए 257 पौधे

**हैदराबाद।** के.वि.सं. हैदराबाद संभाग के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय अनंतपुर में कक्षा-3 की छात्रा एस. नवनी ने 'एक पेड़ माँ के नाम' पहल को न केवल सफलतापूर्वक अपनाया, बल्कि उसे एक प्रेरणादायक मिशन का रूप भी दिया। महज 9 वर्ष की उम्र में नवनी ने अपने खर्च पर 257 पौधे लगाए और 2500 से अधिक पौधे आम लोगों में वितरित किए। इस कार्य के माध्यम से उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व के साथ-साथ धरती माँ के प्रति प्रेम, स्नेह और देखभाल का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अद्वितीय पहल की सराहना करते हुए मा. शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी ने नवनी से शिष्टाचार भेंट कर उसके प्रेरणादायी कार्य की सराहना की।



# CBSE Results 2025
# Another Year, Another Milestone!

### *Kendriya Vidyalaya Sangathan Soaring to New Academic Heights*

Kendriya Vidyalaya Sangathan once again shines bright with another outstanding achievement. Students of class 10th and 12th make us proud with their outstanding results this year. The students of KV continue to hold the legacy of excellence with remarkable CBSE results. This academic year has been marked as a golden chapter in the Sangathan's history with an impressive percentage.

**CLASS XII: 99.05%**

**CLASS X: 99.45%**

Our students have set a new benchmark of academic brilliance. These exceptional results reflect not just the hard work and determination of the students, but also the dedication of the teachers and the visionary leadership of the school administration.

As proud parents, teachers, and fellow students celebrate this remarkable feat, the achievement stands as proof of the KV spirit, a spirit driven by discipline, dedication, and the pursuit of excellence.

From the first bell of the academic session to the final stroke of the pen in the examination hall, our students have shown what it means to aim for greatness.

Heartiest congratulations to the achievers of Class X and XII, you have not just made KVS proud, you have also inspired a future generation of learners!



# सड़क सुरक्षा अभियान के वाहक बनेंगे केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी







**नई दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मा. शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान द्वारा पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, दिल्ली कैंट में दिनांक 22 अप्रैल 2025 को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु **SIAM-KVS सुरक्षित सफर** ऑनलाइन शिक्षा मॉड्यूल का शुभारंभ किया गया। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का उद्देश्य लेकर प्रारंभ किये गये इस शिक्षा मॉड्यूल के माध्यम से यातायात सुरक्षा और नियमों के प्रति जनजागरण किया जाएगा।

भारत में सड़क दुर्घटनाएं एक गंभीर समस्या है, जिनकी रोकथाम की दिशा में सरकार द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। इस विषय की गंभीरता की चर्चा करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गड़करी ने कहा कि सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें, जैसे कि कार में पीछे बैठने पर भी सीट बेल्ट लगाना बचपन से ही सिखाया जाना चाहिए। केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थी एक सुरक्षित और सजग राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सड़क सुरक्षा को वैक्लिपक नहीं, बल्कि जीवन का अनिवार्य अंग बताया।



# केन्द्रीय विद्यालय संगठन का 12वां उपायुक्त सम्मेलन मुंबई में सफलतापूर्वक संपन्न

**मुंबई।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन के 12वें वार्षिक उपायुक्त सम्मेलन का उद्घाटन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग श्री संजय कुमार ने किया। के.वि.सं. मुंबई संभाग में दिनांक 2 से 4 जून 2025 को आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में के.वि.सं. आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डे सहित मुख्यालय के समस्त वरीय अधिकारी, देश के समस्त 25 के.वि.सं. संभागों के उपायुक्त और 5 जीट के निदेशक उपस्थित रहे।

**सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य**

स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय संगठन के योगदान, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन, बीते और आगामी शैक्षिक सत्र को ध्यान में रखते हुए सम्मेलन को 'समीक्षा, विश्लेषण, क्रियान्वयन, सशक्तिकरण' थीम पर आयोजित किया गया। सम्मेलन में केन्द्रीय विद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता और विद्यार्थियों के समग्र विकास को और बेहतर बनाने की दिशा में विचार-विमर्श किया गया। आने वाले वर्ष के लिए शैक्षणिक, प्रशासनिक, प्रशिक्षण, वित्तीय और कार्य-सम्बंधी पहलुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी सभी अधिकारियों ने मिलकर अपने अनुभव साझा किए और संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

सम्मेलन के सफल आयोजन में के.वि.सं. क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई की उपायुक्त श्रीमती शाहिदा परवीन और उनकी टीम ने सक्रिय योगदान दिया।



## नन्हें परिंदों की उड़ान
## पीएम श्री केवी गोल मार्केट में राज्यस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी संपन्न







**नई दिल्ली।** विज्ञान के प्रति छात्रों की रुचि बढ़ाने और नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 52वीं राज्यस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन 7-8 अप्रैल 2025 को पीएम श्री के.वि. गोल मार्केट, दिल्ली में किया गया।

देशभर के 25 केवीएस क्षेत्रों से चयनित 577 छात्र—जिनमें 25 दिव्यांग छात्र भी शामिल थे—ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी आधारित नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। के.वि. कानपुर के छात्र प्रथम द्वारा अंडरपास जलभराव समाधान हेतु बनाया गया मॉडल खास आकर्षण का केंद्र रहा।

प्रदर्शनी में थीम आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए, जिनमें *खाद्य स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, अपशिष्ट व संसाधन प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, गणितीय मॉडलिंग* आदि शामिल थे। साथ ही मोटे अनाज पर आधारित एक सेमिनार भी आयोजित किया गया।

प्रदर्शनी के समापन समारोह में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की आयुक्त श्रीमती निधि पाण्डे ने सहभागिता कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा उनके नवाचारी विचारों और जिज्ञासु प्रवृत्ति की सराहना करते हुए उन्हें प्रेरित किया।

तीन स्तरों—स्कूल, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय—में आयोजित होने वाली यह प्रदर्शनी न सिर्फ वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देती है, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक समस्याओं पर समाधान आधारित सोच विकसित करने हेतु प्रेरित भी करती है।




## विद्या प्रवेश

# खेल-खेल में शिक्षा की आनंदमय शुरुआत

देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा-1 में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिए 'विद्या प्रवेश-सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम' आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों को विद्यालय के पहले दिन से ही एक आनंदमय और उत्साहपूर्ण माहौल देना है, जिससे उनमें स्कूल और पढ़ाई के प्रति रुचि विकसित हो। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों को खेल, संगीत, चित्रकला और रोचक गतिविधियों के माध्यम से भाषा, गणित, सामाजिक और भावनात्मक कौशल सिखाए जाते हैं। यह पहल न केवल बच्चों के लिए स्कूल को एक सुरक्षित और आकर्षक स्थान बनाती है, बल्कि अभिभावकों को भी इस यात्रा का सहभागी बनाती है। 'विद्या प्रवेश' बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सार्थक शुरुआत है।



## पुस्तकोपहार

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में के.वि.सं. की एक सार्थक पहल

देश के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में हर वर्ष अप्रैल माह में आयोजित होने वाला **'पुस्तकोपहार'** कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण, सहयोग, सौहार्द और उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देने वाली प्रेरणादायक पहल है। इस पहल के तहत वरिष्ठ विद्यार्थी अपनी पाठ्यपुस्तकें कनिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप भेंट करते हैं। इस पहल का उद्देश्य पुस्तकों के पुनः उपयोग के माध्यम से कागज़ की खपत कम करना और वृक्षों की कटाई रोकना है। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के इस नवाचारी प्रयास से न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि छात्रों में साझेदारी, आर्थिक समझ, सहयोग, सहानुभूति और जिम्मेदारी की भावना का भी विकास होता है। 'पुस्तकोपहार' पहल केवल पुस्तकों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि पर्यावरणीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक भी है, जो भारत सरकार की **Mission LiFE** योजना के लक्ष्यों के अनुरूप है।




## Tarunotsav 2025

# *Equipping KV Students for the Senior Secondary Journey*

Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) successfully conducted Tarunotsav 2025 in Kendriya Vidyalayas across the country. This special programme is organised every year for students who have completed their Class 10 board examinations. It aims to help students utilise the post-exam period meaningfully by focusing on personality development, career guidance, and academic preparedness for Class 11. Key activities included career counselling sessions, language skill enhancement, and an introduction to subjects in the senior secondary curriculum. Held during the vacation period, Tarunotsav serves as a bridge to help students transition confidently into higher education and responsible youth.

## जल पखवाड़ा

# विद्यार्थियों ने लिया एक लीटर जल प्रतिदिन बचाने का संकल्प

16 से 30 अप्रैल 2025 तक देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में **'जल पखवाड़ा'** अभियान का आयोजन किया गया। जल पखवाड़ा का उद्देश्य विद्यार्थियों व समुदाय को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत **'जल शपथ'** के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने जल बचाने का संकल्प लिया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न रचनात्मक गतिविधियाँ, जैसे- निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन लेखन, कविता, नाटक, प्रश्नोत्तरी, वक्तृत्व और मॉडल निर्माण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। विद्यालयों की वेबसाइट पर जल संरक्षण संबंधी संदेश प्रकाशित किए गए और विद्यार्थियों को प्रतिदिन एक लीटर पानी बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा, शिक्षकों ने गांवो में जाकर जल संरक्षण के लिए जनजागरण किया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिमि और शिक्षक-अभिभावक संघ की बैठकों में भी जल संरक्षण की महत्ता पर चर्चा की गई। यह अभियान जल के महत्व को समझाने और भविष्य के लिए एक सतत समाधान की दिशा में उठाया गया सराहनीय कदम है, जो भारत सरकार की Mission LiFE योजना के लक्ष्यों की पूर्ति करता है।



## भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर
# विविधता में एकता की मिसाल

**"चार कोस पर पानी बदले, आठ कोस पर वाणी"** — इस कहावत को साकार करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में 7 दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन माननीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने किया।

गर्मियों की छुट्टियों में आयोजित इस शिविर में विद्यार्थियों ने अपनी मातृभाषा के अतिरिक्त एक अन्य भारतीय भाषा जैसे हिन्दी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, गुजराती, उड़िया, पंजाबी, बांग्ला आदि का अध्ययन किया। साथ ही उन्होंने संबंधित भाषा की संस्कृति, साहित्य, व्यंजन, लोकपरंपराओं और इतिहास को भी जाना। भाषा विशेषज्ञों की मदद से छात्रों ने लिपि, व्याकरण और उच्चारण सीखे, जिससे उनका संवाद व लेखन कौशल विकसित हुआ। यह शिविर **'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'** की भावना को मजबूत करते हुए भाषाई एकता और सांस्कृतिक समरसता की दिशा में एक प्रेरक पहल साबित हुआ।





# देशभर के केन्द्रीय विद्यालयों में बाबा साहेब को दी गई श्रद्धांजलि






सामाजिक समरसता और समानता का मूलमंत्र देने वाले, विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर के अद्वितीय योगदान का स्मरण करते हुए हर वर्ष 14 अप्रैल को पूरे देश में अम्बेडकर जयंती मनाई जाती है। देश के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में विद्यार्थियों को बाबा साहेब के आदर्शों, विचारों और जीवन मूल्यों से परिचित कराने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस परंपरा का पालन करते हुए, इस वर्ष भी केन्द्रीय विद्यालयों में विशेष समारोह आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा देश के प्रति उनके महान योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया।




## शिक्षा के साथ स्वास्थ्य
# विद्यालयों में 'शुगर बोर्ड' की नई पहल

बदलती जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के कारण बच्चों में भी मधुमेह के मामले बढ़ रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, 8-10 वर्ष के बच्चे औसतन 13 प्रतिशत और किशोर 18 प्रतिशत तक कैलोरी का सेवन कर रहे हैं, जबकि यह सीमा 5 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी चिंताजनक स्थिति को देखते हुए सीबीएसई ने देश के सभी स्कूलों में 'शुगर बोर्ड' (शर्करा पट्ट) लगाने के निर्देश दिये हैं।

शुगर बोर्ड के माध्यम से बच्चों को जंकफूड, मीठे पेय पदार्थों के दुष्परिणामों, टाइप-2 डायबिटीज से बचाव, संतुलित आहार और जीवनशैली से जुड़ी जागरूकता दी जाएगी। देश के सभी केन्द्रीय विद्यालयों में भी शुगर बोर्ड स्थापित किये जा रहे हैं। इस पहल के तहत केन्द्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता बढ़ेगी और एक स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार पीढ़ी के निर्माण की दिशा में यह एक सकारात्मक कदम साबित होगा।

# बिहार के सुपौल में नए केन्द्रीय विद्यालय का शुभारंभ




**सुपौल:** दिनांक 1 अप्रैल 2025 को बिहार के सुपौल जिले में एक नए केन्द्रीय विद्यालय का शुभारंभ हुआ। केन्द्रीय विद्यालय एसएसबी बीरपुर, सुपौल की घोषणा वर्ष 2019 मे केन्द्र सरकार द्वारा की गई थी। इस नए विद्यालय के साथ राज्य में केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है। यह विद्यालय राज्य में स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत है।

# ओडिशा के टिटिलागढ़ और पटनागढ़ को मिले नए केन्द्रीय विद्यालय

**भुवनेश्वर:** 23 अप्रैल 2025 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ओडिशा के बलांगीर जिले के टिटिलागढ़ और पटनागढ़ में दो नए केन्द्रीय विद्यालयों के अस्थायी परिसरों का उद्घाटन किया और उनके स्थायी भवनों की आधारशिला रखी। इस दौरान मा. शिक्षा मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि देशभर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार को ध्यान में रखते हुए की गई इस पहल से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में भी शिक्षा की सुलभ पहुंच होगी।



# अथमल्लिक में के.वि. का उद्घाटन, स्थायी भवन की आधारशिला रखी गई



**अथमल्लिक:** 16 मई 2025 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के अंगुल जिले के अथमल्लिक में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थायी परिसर का उद्घाटन किया और स्थायी भवन की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर शिक्षा से जुड़ी कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी हुआ। भुवनेश्वर संभाग के अंतर्गत इस विद्यालय के अस्थायी परिसर में इसी शैक्षणिक सत्र से कक्षा 1 से 5 तक के 200 विद्यार्थियों की शिक्षा प्रारंभ होगी। यह कदम क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

# वर्षों का सपना साकार
# कुचिंडा में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना




**संबलपुर:** 19 मई 2025 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ओडिशा के संबलपुर जिले के कुचिंडा में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया और इसके स्थायी भवन की आधारशिला रखी। श्री प्रधान ने बताया कि चालू शैक्षणिक सत्र से विद्यालय में नर्सरी सहित कक्षा 1 से 5वीं तक की पढ़ाई शुरू होगी, जिसमें 200 से अधिक छात्र नामांकित होंगे और भविष्य में इसे बढ़ाकर 1200 छात्रों तक पहुंचाने की योजना है। साथ ही, इस विद्यालय को पीएम श्री योजना के अंतर्गत आधुनिक सुविधाओं से युक्त किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का नया अध्याय शुरू होगा।

# ओडिशा के कामाख्यनगर में केन्द्रीय विद्यालय का उद्घाटन

**कामाख्यनगर:** 23 मई 2025 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने ओडिशा के ढेंकानाल जिले के कामाख्यनगर में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया और स्थायी भवन की आधारशिला रखी। इस दौरान श्री प्रधान ने समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृतियों को नमन करते हुए कहा कि यह विद्यालय नई पीढ़ी को उनके मूल्यों से जोड़ने का माध्यम बनेगा। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा देने की प्रतिबद्धता दोहराई, जिससे बच्चों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक दक्षता का विकास हो सके।



# कोयले की धरती तालचेर में केन्द्रीय विद्यालय का उद्घाटन



**अंगुल:** कोयले की धरती के रूप में प्रसिद्ध तालचेर क्षेत्र को अब शिक्षा के क्षेत्र में भी नई पहचान मिलने जा रही है। 23 मई 2025 को केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने तालचेर में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया और इसके स्थायी भवन की आधारशिला रखी। यह विद्यालय क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। तालचेर जैसे खनन-प्रधान क्षेत्र में यह विद्यालय बच्चों के भविष्य को संवारने और ज्ञान के प्रसार में अहम भूमिका निभाएगा।

# बूंदी को मिला
# केन्द्रीय विद्यालय का नया भवन
# मा. लोकसभा अध्यक्ष ने किया उद्घाटन




**बून्दी।** 17 जून 2025 को मा. लोकसभा अध्यक्ष एवं कोटा से सांसद श्री ओम बिरला ने केन्द्रीय विद्यालय बून्दी के नए भवन का उद्घाटन किया। इसी के साथ अब तक पुराने अस्थायी भवन में संचालित हो रहे विद्यालय को अब अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त नया परिसर मिल गया है। इस अवसर पर श्री बिरला ने कहा कि नया भवन बन जाने से अधिक विद्यार्थियों को पढ़ने की सुविधा मिलेगी, साथ ही शिक्षा व खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता को बढ़ावा मिलेगा। अस्थायी भवन में जहां 400 छात्र पढ़ते थे, अब स्थायी परिसर में 900 से अधिक छात्रों के नामांकन की क्षमता होगी। इस भवन का शिलान्यास वर्ष 2023 में श्री बिरला द्वारा ही किया गया था।

# बिजनौर को केन्द्रीय विद्यालय की सौगात

**बिजनौर।** केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता (स्वतंत्र प्रभार) और शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी ने 21 जून 2025 को उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन का उद्घाटन किया और स्थायी भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री जयंत चौधरी ने कहा, यह विद्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। वर्षों से यहां के लोग केन्द्रीय विद्यालय की मांग कर रहे थे, जिसे आज केन्द्र सरकार द्वारा साकार किया गया है। केन्द्रीय विद्यालय के खुलने से न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को इससे राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इसी शैक्षिक सत्र से इस विद्यालय में कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाएंगी।






# 60 KV Students Selected for ISRO's YUVIKA 2025
## A Proud Achievement




In a moment of pride for Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS), 60 of its students have been selected for ISRO's prestigious Young Scientist Programme (YUVIKA) 2025. This flagship initiative by ISRO aims to nurture scientific curiosity and inspire school students to explore careers in space science and technology.

Launched in 2023, YUVIKA offers a two-week immersive learning experience at various ISRO centres. Students will engage in interactive sessions, hands-on experiments, and projects on topics like rocket science, satellite communication, and astronomy. They will also get the rare opportunity to interact with scientists and explore high-tech space labs.

Through YUVIKA, ISRO promotes STEM education and scientific thinking among young learners, paving the way for India's next generation of space pioneers.

# Capacity Building in Kendriya Vidyalayas

# Enhancing Educators, Empowering Classrooms

*Capacity building in KVS is an ongoing initiative aimed at improving the skills and competencies of teachers and staff to ensure quality education across all levels.*

### Artful Visualization with GeoGebra – IIT Gandhinagar (April 2025)



A hands-on workshop for mathematics teachers, emphasizing exploratory learning through digital tools like GeoGebra and Desmos. Featuring 125+ models and 25+ interdisciplinary projects, the programme promoted STEM integration and creative pedagogy.

### CCT Workshops – Azim Premji University (June 2025)



Held at four ZIETs for Grades 6–8 teachers, these workshops aligned with NEP 2020 and NCF-SE 2023. The focus was on embedding critical and creative thinking in subject teaching to foster higher-order learning from the middle stage onwards.

### Administrative Training for Assistant Commissioners – ZIET Mysuru (June 2025)



A four-day workshop on Vigilance Matters and Disciplinary Proceedings enhanced understanding of CCS Rules through case studies, boosting administrative efficiency and procedural transparency.

### Foundational Numeracy Workshop – Jodogyan, Gurugram (June 2025)



As part of the NIPUN Bharat Mission, primary teachers were trained in child-centric, activity-based numeracy. The workshop emphasized number sense, operations, and problem-solving through joyful, inclusive strategies for early learners.

## Training Programmes Conducted from April to June 2025

**ZIETs**
No. of Workshops: 59
No. of Participants: 2651

**Regions**
No. of Workshops: 88
No. of Participants: 6968

**Knowledge Partners**
No. of Workshops: 47
No. of Participants: 6866

**Total Workshops:** 194
**Total No. of Participants:** 16485

# Proud KVians

## KVians Display Glorious Mettle in JEE & NEET 2025

An occasion of significant achievement for the KVS family as students from across the nation have presented remarkable success in NEET and JEE Advance 2025.

Their achievements reflect not only academic brilliance but also months of tireless dedication and the steady support of their teachers and families.

JEE Advanced
**2025**
994 KVians Qualified

NEET
**2025**
29,012 KVians Qualified



**All UP NEET Topper !**
**Muktesh Tanmay** of
PM SHRI KV Gomtinagar, Lucknow
secured
**AIR 36** in NEET 2025

*His journey of determination and commitment is an inspiration to many aspiring minds across the country.*

These accomplishments highlight the academic strength, nurturing environment, and values instilled by Kendriya Vidyalayas, empowering students to dream big and achieve even bigger.

## Kripali Sunil Shines at SAKURA Science High School Program in Japan

A proud moment for Kendriya Vidyalaya Sangathan! Kripali Sunil, a talented student of PM SHRI KV Payyannur (Ernakulam Region), represented India at the prestigious INSPIRE-MANAK Scheme – SAKURA Science High School Program (SSHP) held in Japan from 15 to 21 June 2025. Her selection was based on an innovative healthcare device she developed, showcasing her scientific temperament and creativity.

This remarkable achievement is a testament to the unwavering support of dedicated mentors, the visionary leadership of KVS Ernakulam Region, and the vibrant learning ecosystem of KVS that fosters innovation and excellence among its students.



## के.वि .छात्र विशारद ने AI मॉडल बनाकर जीता ₹1.5 लाख का पुरस्कार



**लखनऊ।** केन्द्रीय विद्यालय गोमतीनगर के कक्षा 10 के छात्र विशारद ने यह साबित कर दिया कि के.वि के विद्यार्थी अपनी कला और कौशल में कहीं आगे हैं। विशारद ने कॉन्वोल्यूशन न्यूरल नेटवर्क (CNN) का उपयोग करते हुए रीढ़ की हड्डी की चोटों का पता लगाने वाला एक AI मॉडल तैयार किया है, जिसके लिए उसे हॅकोफिएस्टा 6.0 प्रतियोगिता में ₹1.5 लाख का पुरस्कार मिला। यह आयोजन यूपी सरकार और IIIT लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

विशारद का कहना है कि एक्स-रे से रीढ़ की चोटों की पहचान मानव आंखों के लिए कठिन होती है, और ग्रामीण क्षेत्रों में MRI या CT स्कैन की सुविधा सीमित होने के कारण उनका AI मॉडल एक्स-रे से ही सटीक निदान कर सकता है। यह मॉडल सात प्रकार की चोटों को पहचानने में सक्षम है।

10 वर्ष की उम्र से कोडिंग कर रहे विशारद की प्रेरणा उनकी बड़ी बहन प्रिया उपाध्याय हैं, जिन्होंने कंप्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर्स किया है। विशारद ने बताया कि वह कोडिंग और बोर्ड परीक्षा—दोनों के लिए समय निकालते हैं। भविष्य में वे किसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रिसर्च करना चाहते हैं।

# Achievements



### मॉस्को में चमके केन्द्रीय विद्यालय जालोर के छात्र विहान राज सक्सेना



केन्द्रीय विद्यालय जालोर के मास्टर विहान राज सक्सेना ने वुशु में उत्कृष्ट प्रदर्शन और अद्वितीय कौशल का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उन्होंने ये पदक अंतर्राष्ट्रीय मॉस्को वुशु स्टार चौम्पियनशिप में जीता।

### Golden Glory for KVians at International Roll Ball Championship




KV Class 5 students Shalini Basumatari & Aditi Lahkar showcased outstanding performance at the International Roll Ball Championship held in Colombo, Sri Lanka. Demonstrating exceptional skill & teamwork, both secured gold medals, bringing international recognition to their talent and determination.

### दिव्याना का अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयन



गुवाहटी संभाग के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय खानापारा में 9वीं कक्षा की छात्रा दिव्याना डोरोथी हालोई ने देहरादून में आयोजित चौथी राष्ट्रीय कैडेट एंड जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता (महिला कैडेट 59 किलोग्राम वर्ग) में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस शानदार प्रदर्शन के उपरांत उनका चयन मलेशिया में आयोजित होने जा रही अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए किया गया है।

### प्राची सरकार एशियाई प्रतियोगिता में करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व



केन्द्रीय विद्यालय आईआईटी गुवाहटी की कक्षा 12वीं की छात्रा प्राची सरकार ने देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अब वह मलेशिया में होने वाली एशियाई प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### असमी इनामदार अंतरराष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड के लिए चयनित



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, आईआईटी पवई की मेधावी छात्रा असमी इनामदार को रूस के सोची में आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय जूनियर विज्ञान ओलंपियाड-2025 में भारतीय प्रतिनिधि दल के लिए चयनित किया गया है। यह गौरवपूर्ण अवसर विज्ञान में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और गहरी समझ के कारण मिला है।

### Apam Nidhi Pandey shines at International Earth Science Olympiad



Apam Nidhi Pandey of PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 1 Jaipur has been selected among India's top 4 students to represent the nation at the 18th International Earth Science Olympiad (IESO)-2025 to be held in Xingjian, China

### जॉय बैदवान ने राष्ट्रीय अंडर-18 शॉटपुट में प्राप्त किया पहला स्थान



केन्द्रीय विद्यालय, मोहाली की कक्षा 10 की छात्रा जॉय बैदवान ने पटना साहिब में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अंडर-18 शॉटपुट स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह सऊदी अरब में हुए अंडर-18 यूथ एशियन गेम्स में भारत की ओर से खेलते हुए पांचवां स्थान भी प्राप्त कर चुकी हैं।

### लवन्या रावत ने जीता रजत पदक



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय लैटकोर पीक, शिलॉन्ग की कक्षा 12वीं की प्रतिभावान छात्रा लवन्या रावत ने खेल के क्षेत्र में एक और मिसाल कायम करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। लवन्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में 10 मीटर एयर राइफल महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

### देवराज ने तीरंदाजी में जीता कांस्य पदक



केन्द्रीय विद्यालय नेहू, शिलॉन्ग के कक्षा 12 के छात्र देवराज मोहपात्रा ने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तीरंदाजी की 70 मीटर स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय, बल्कि सम्पूर्ण केन्द्रीय विद्यालय परिवार को भी गौरवांवित किया।

### सुभ्रांशिनी ने तैराकी में जीता कांस्य पदक



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय,** प्रेसिडेंट एस्टेट, नई दिल्ली में कक्षा 12वीं की छात्रा सुभ्रांशिनी प्रियदर्शिनी ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और के.वि.सं. को गौरवान्वित किया।

### मास्टर हीर ने तैराकी में जीता कांस्य पदक



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय विद्यालय**, प्रेसिडेंट एस्टेट, नई दिल्ली में कक्षा 12वीं के छात्र मास्टर हीर ने अपनी खेल प्रतिभा का अद्वितीय प्रदर्शन किया। उन्होंने बिहार में आयोजित हुए **खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में** अंडर-17 तैराकी (50 मीटर फ्रीस्टाइल) प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर के.वि.सं. परिवार को गौरवान्वित किया।

### के.वि. विज्ञान विहार के छात्र लव्यान्श पाण्डे ने स्केटिंग में जीता स्वर्ण पदक



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, एनएफसी विज्ञान विहार में कक्षा 10 के होनहार छात्र लव्यान्श पाण्डे ने 68वीं एसजीएफआई स्केटिंग अंडर-17 प्रतियोगिता के अंतर्गत 3000 मीटर रोड रेस इवेंट में स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

# Achievements



**केवीएस की अंडर-14 बॉक्सिंग टीम ने राष्ट्रीय खेलों में जीते तीन पदक**



68वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2024-25 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन की अंडर-14 बॉक्सिंग टीम ने एक रजत और दो कांस्य पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। तीनों विजेता छात्र अलग-अलग केन्द्रीय विद्यालय से चयनित हुए थे, जिनकी सफलता पर पूरे संगठन को गर्व है।

**Diksha Rani excels in the 68th SGFI National School Games**



Diksha Rani of Kendriya Vidyalaya Hissar showcased commendable strength and skill in the boxing ring, securing the Bronze Medal at the 68th SGFI National School Games. Her accomplishment brings pride to the school and reflects her dedication to the sports.

**Lavisha Swami shines in 68th National School Games**



Ms. Lavisha Swami of PM SHRI Kendriya Vidyalaya No. 1 Udaipur delivered a remarkable performance in the boxing event at the 68th National School Games, earning a well-deserved Bronze Medal.

**Lincy Singh shines at 4th National Karate Championship 2025**



Lincy Singh, a Class VIII student of PM SHRI K.V. No. 1 Bhubaneswar, displayed exceptional prowess at the 4th National Karate Championship 2025 held in Dehradun, Uttarakhand. Organized by the Karate India Organisation (KIO), the event witnessed her winning 1 Gold and 2 Silver medals, bringing honor and recognition to her talent and hard work.

**के.वि. धारवाड़ की छात्राओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित**





के.वि. धारवाड़ की छात्राओं रोशनी और सुरभि वी.जी. ने "मेरा अमृत स्टेशन" प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्रमशः चित्रकला, निबंध व भाषण प्रतियोगिताओं में प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त किए। उनकी इस उपलब्धि पर कर्नाटक के मा. राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत ने उन्हें सम्मानित किया।

**पीएम श्री के.वि क्र. 2, भोपाल को मिला "हरित विद्यालय" सम्मान**



5 जून 2025 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2 भोपाल को राज्य स्तरीय 'हरित विद्यालय सम्मान' से अलंकृत किया गया। भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित समारोह में मा. मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव ने विद्यालय को पर्यावरण संरक्षण, जागरूकता और नवाचारपूर्ण गतिविधियों के लिए ₹50,000/- की प्रोत्साहन राशि, चांदी का स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया।

**अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में कृष्णेंदु और संजूश्री बने विजेता**





पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2, सीआरपीएफ भुवनेश्वर के दो विद्यार्थियों ने यूपीयू 2025 अंतरराष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के छात्र कृष्णेंदु राहुल ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर रु. 25,000/- का पुरस्कार जीता और इसी विद्यालय की छात्रा संजुश्री पात्रा ने तीसरा स्थान प्राप्त कर रु. 5000/- की पुरस्कार राशि अपने नाम की।

**केन्द्रीय विद्यालय जादूगोड़ा के छात्र हेमन्त सोरेन का शानदार प्रदर्शन**



बोकारो में 25 एवं 26 मई को आयोजित 14वीं ओपन झारखंड स्टेट एथलेटिक्स चौंपियनशिप में केन्द्रीय विद्यालय जादूगोड़ा के छात्र हेमन्त सोरेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो अहम स्पर्धाओं में पदक अपने नाम किये। हेमन्त ने रिले रेस में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक जीता, तो वहीं लम्बी कूद स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त कर के.वि. संगठन का मान बढ़ाया।

**ताइक्वांडो चौंपियनशिप में भव्या ने जीता स्वर्ण पदक**



पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एएमसी, लखनऊ में कक्षा 2 की छात्रा भव्या अवस्थी ने डीपीएस कानपुर में आयोजित उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया।

**इशिता को मिला 'राष्ट्रीय विभूति सम्मान'**



केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, एनटीपीसी कोरबा की प्रतिभाशाली कथक नृत्यांगना इशिता कश्यप को रेवा महोत्सव (जबलपुर) में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय विभूति सम्मान से अलंकृत किया गया। इशिता ने रायगढ़ घराने की बोल बंदिशों के साथ 150 चक्करों की बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। यह सम्मान उन्हें कला और संस्कृति के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया।

**पारदिशा सरकार ने चित्रकारी प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान**



विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय चित्रकारी प्रतियोगिता में के.वि. बीएसएफ, गोकुलनगर की प्रतिभाशाली छात्रा पारदिशा सरकार ने रचनात्मकता और पर्यावरणीय जागरूकता को कलात्मक अभिव्यक्ति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। त्रिपुरा राज्य के माननीय वन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अनिमेश देबबर्मा ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया।

**केन्द्रीय विद्यालय खानापारा की छात्रा जेनिसा बिपुल ने टेबल टेनिस में दिखाया दम**



केन्द्रीय विद्यालय खानापारा की कक्षा 5वीं की प्रतिभाशाली छात्रा जेनिसा बिपुल ने टेबल टेनिस में अपने अद्भुत कौशल का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। असम मेजर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जेनिसा ने अंडर-11 टेबल टेनिस श्रेणी में अखिल भारतीय स्तर पर 8वां स्थान प्राप्त किया। साथ ही, पूरे असम में पहला स्थान प्राप्त किया।

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

©Kendriya Vidyalaya Sangathan
Shala Dhwani Newsletter
Issue: April-June 2025
-----------------------------------
**Patron:** Nidhi Pandey, Commissioner, KVS
**Editor:** Dr. P. Devakumar, Additional Commissioner (Acad)
**Editorial Incharge:** Sachin Rathore, Assistant Editor
-----------------------------------
Published by Additional Commissioner (Acad) on behalf of Kendriya Vidyalaya Sangathan.
-----------------------------------
Readers can send their comments and suggestion through e-mail at: shaaladhwani@gmail.com

https://kvsangathan.nic.in/ | @KVSHQ | @KVS_HQ | @kvshqr | KVS HQ